प्रो. सुदेश फिर बनी बीपीएस महिला विवि की कुलपति

गोहाना |प्रो. सुदेश फिर से बीपीएस महिला विवि की कुलपति बनी हैं। उनका 4 साल का कार्यकाल मंगलवार को पूरा होने पर बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल व विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार पुनः 3 साल के लिए बढ़ा दिया है। इस पर प्रो. सुदेश ने फिर से कुलपति का कार्यभार संभालते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ सीएम व शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

प्रो. सुदेश को फिर से कुलपति का दायित्व

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो गया था। बुधवार को राज्यपाल एवं महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार प्रो. सुदेश को दोबारा तीन साल के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति का दायित्व सौंपा गया। कुलपति ने कार्यभार संभालते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय का चहुंमुखी विकास होगा।

प्रो. सुदेश

खबर संक्षेप

प्रो. सुदेश को पुनः 3 वर्ष के लिए कुलपति का दायित्व

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो गया था। हरियाणा के राज्यपाल व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार प्रो. सुदेश को पुनः 3 साल के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। कुलपति पद का पुनः कार्यभार संभालते हुए प्रो. सुदेश ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व हरियाणा सरकार का नियुक्ति पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का चहुंमुखी विकास होगा। हरियाणा सरकार द्वारा पुनः दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि जो विकास कार्य महिला विश्वविद्यालय में चल रहे है उन्हें रफ्तार दी जाएगी।

विवि की कुलपति का कार्यकाल तीन साल बढ़ा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की सिफारिश के बाद राज्यपाल ने खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्विद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश छिकारा का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि या 68 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक बढ़ाया दिया है। वहीं, राज्यपाल ने लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सक व निदेशक अनुसंधान डॉ नरेश जिंदल को विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। संवाद

प्रो. सुदेश 3 साल की दूसरी टर्म के लिए पुनः वी.सी. नियुक्त

गोहाना, 5 मार्च (अरोड़ा): गांव खानपुर कलां में स्थित बी.पी.एस. महिला विश्व विद्यालय में वी.सी. प्रो. सुदेश का 3 साल का प्रथम कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो गया था।

प्रदेश राज्यपाल और महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार प्रो. सुदेश को लगातार दूसरी बार 3 साल की सैकेंड टर्म के लिए महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. नियुक्त किया गया है।

प्रो. सुदेश ने बुधवार को अगली पारी के लिए पुनः वी.सी. का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने राज्यपाल और कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, सी.एम. नायब सिंह सैनी तथा, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का अपनी दूसरी के लिए नियुक्ति के लिए विशेष रूप से आभार जताया।

उन्होंने कहा कि बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय का चहुंमुखी विकास होगा। उनके अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा फिर से दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

प्रो. सुदेश ने कहा कि जो विकास कार्य महिला विश्वविद्यालय में चल रहे हैं, उन्हें रफ्तार दी जाएगी।

All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
05/03/2025 05:10 PM

प्रो सुदेश पुनः 3 साल के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त

खानपुर कलां, 5 मार्च । भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में कुलपति प्रो सुदेश का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो गया था। आज हरियाणा के राज्यपाल व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार प्रो सुदेश को पुनः 3 साल के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति का दायित्व सौंपा गया है।

आज कुलपति पद का पुनः कार्यभार संभालते हुए प्रो सुदेश ने माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा हरियाणा सरकार का नियुक्ति पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का चहुंमुखी विकास होगा। हरियाणा सरकार द्वारा पुनः दी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए इस विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि जो विकास कार्य महिला विश्वविद्यालय में चल रहे है उन्हें रफ़्तार दी जाएगी।

फोटो कैप्शन :- महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश।

880 viev

1

(https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?type=Share&nid=3907

(loginmember.aspx)

More News

Share&nid=390711